Patrika

UP Police 200 Constable recruitment under sports quota soon

लखनऊ. उत्तर प्रदेश पुलिस महकमे में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए 40 महिलाओं समेत 200 सिपाहियों की भर्ती खेल कोटे से होगी। आवेदन के लिए 200 रुपये की फीस होगी और सभी आवेदन ऑनलाइन ही किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड जल्द ही इस संबंध में विज्ञापन जारी करेगा।

आवेदन के लिए सिर्फ हाई स्कूल व इंटर होना काफी है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित या उनके द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ी आवेदन कर सकेंगे। अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत, कांस्य व चौथा स्थान पाने वाले, व्यक्तिगत स्पर्धा में चौथा स्थान पाने वाले और किसी टीम स्पर्धा में दो साल तक टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले इस कोटे में आवेदन कर सकेंगे।

160 पद पुरुष, 40 पद महिला संवर्ग के लिए होंगे। इन पदों पर भर्तियां सिविल और पीएसी कॉन्स्टेबल की भर्ती एवं प्रोन्नति प्रक्रिया नियमावली के तहत की जाएंगी। इसके लिए 18 से 25 वर्ष की उम्र होनी चाहिए। पुरुष संवर्ग के लिए हॉकी, फुटबाल, वॉलीबॉल, बॉस्केट बॉल के 9-9 पद, कबड्डी के छह, तैराकी के 18, बॉक्सिंग, जिम्नास्टिक, वेट लिफ्टिंग के सात-सात, कुश्ती के 14, एथलेटिक्स के 36, शूटिंग के 11 और वॉटर स्पोर्ट्स के 18 पद होंगे। जबकि महिला संवर्ग के लिए बॉक्सिंग, वेट लिफ्टिंग व कुश्ती के सात-सात पद, एथलेटिक्स के 16 और शूटिंग के तीन पद हैं।